# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या—पी॰आर॰ 280/2023

## माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2023 का प्रवेश पत्र निर्गत करने तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2023 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, संबंधित जिला पदाधिकारियों, संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि **माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2023 दिनांक 04.09.2023 से 15.09.2023 तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में Computer Based Test (CBT)** द्वारा आयोजित होगी, जिसका कार्यक्रम निम्नवत् है:—

| पाली | प्रथम पाली | द्वितीय पाली |
|---|---|---|
| Reporting Time | पूर्वाह्न 08:30 बजे | अपराह्न 01:30 बजे |
| Gate Closing Time | पूर्वाह्न 09:30 बजे | अपराह्न 02:30 बजे |
| Test Time | पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक | अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:30 बजे तक |

2. माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2023 का प्रवेश पत्र **दिनांक 30.08.2023** के अपराह्न से समिति की वेबसाईट **http://bsebstet.com** पर अपलोड कर दिया जाएगा। संबंधित अभ्यर्थी अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के उक्त वेबसाईट से **दिनांक 30.08.2023** से अपना मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

3. उक्त परीक्षा के लिए निर्गत मूल प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र का नाम, परीक्षा की तिथि, परीक्षा का समय, परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने का समय, परीक्षा केन्द्र का गेट बन्द होने का समय आदि का विवरण अंकित रहेगा।

4. अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में अथवा प्रवेश पत्र से संबंधित अन्य किसी प्रकार की कठिनाई हो तो संबंधित अभ्यर्थी हेल्पलाईन नम्बर—**0612 2232074** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा Helpdesk email ID : **tetbihar23@gmail.com** पर भेजी जा सकती है।

5. अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का Location अवश्य ज्ञात कर लें, ताकि परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा केन्द्र पर जाने में कोई कठिनाई न हो।

6. **दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतिलेखक की सुविधा** : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक—F.No. 16-110/2003-DD III **दिनांक 26.02.2013** एवं पत्रांक —F. No. 29-6/2019-DD III **दिनांक 10.08.2022** द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में वैसे दिव्यांग परीक्षार्थियों को जो स्वयं से लिखने में असमर्थ हैं, उनके अनुरोध के आधार पर श्रुतिलेखक उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त यह भी प्रावधान है कि दिव्यांग अभ्यर्थीगण अपना श्रुतिलेखक भी ला सकते हैं। श्रुतिलेखक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन को परीक्षा प्रारम्भ होने के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा।

7. अभ्यर्थियों को इस परीक्षा के पूर्व Computer Based Test (CBT) अभ्यास हेतु प्रवेश पत्र पर URL/LINK अंकित है। संबंधित अभ्यर्थी उस URL/LINK पर जाकर **दिनांक 30.08.2023** के अपराह्न से CBT का अभ्यास कर सकते हैं।

8. **जिन अभ्यर्थियों ने विशेष विद्यालय अध्यापक, विषय कोड— 117** के लिए आवेदन किया है, उन्हें विषय चयन हेतु समिति के द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या— पी॰आर॰ 276/2023 के अनुसार **दिनांक 31.08.2023 तक** का अवसर प्रदान किया गया है। समिति की वेबसाईट **http://bsebstet.com** पर विषय का चयन हेतु Login कर पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों का मूल प्रवेश पत्र **दिनांक 05.09.2023** के बाद जारी किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अभ्यर्थी समिति की वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहेंगे।

9. **माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2023 हेतु परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निदेश:—**

(i) सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के साथ दिये गये अनुदेश (Instructions) का अध्ययन/पठन आवश्यक रूप से तथा सावधानीपूर्वक करेंगे तथा अनुदेश में दिये गये निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(ii) आवेदन के साथ अपलोड किये गये फोटो की पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो को मूल प्रवेश पत्र के निर्धारित स्थान पर चिपकाकर साथ में लाएँगे, जिसे परीक्षा कक्ष में वीक्षक को जमा करना होगा। मूल प्रवेश पत्र की छायाप्रति/वेब प्रति अभ्यर्थी अपने पास भविष्य के लिए सुरक्षित रखेंगे।

(iii) परीक्षा केन्द्र पर जूता मोजा एवं घड़ी पहनकर आना वर्जित है।

(iv) अभ्यर्थी को वैध और मूल फोटो पहचान—पत्र यथा—निर्वाचन पहचान—पत्र/आधार कार्ड/पैन कार्ड/फोटो युक्त बैंक पासबुक/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस, फोटो युक्त राशन कार्ड या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य फोटो युक्त पहचान पत्र में से कोई एक की मूल प्रति एवं छायाप्रति साथ में लाना है। सत्यापन के पश्चात् परीक्षा केन्द्र पर छायाप्रति रख ली जाएगी एवं मूल प्रति वापस कर दी जाएगी।

(v) **प्रवेश पत्र पर बिना फोटो चिपकाए और बिना वैध फोटो पहचान—पत्र के अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(vi) प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि, स्थान एवं समय पर अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे। निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र का गेट बन्द हो जाने पर अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(vii) अभ्यर्थी अपने साथ लेखन सामग्री यथा—पेंसिल और बॉल प्वॉयन्ट पेन अवश्य लाएँगे। कोई भी रफ पेपर एवं अन्य सामग्री लाना वर्जित होगा।

(viii) पुस्तक, नोट बुक, कैलकुलेटर, कैलकुलेटर घड़ी, पेजर्स, सेल फोन और किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, इयर फोन या रिकॉर्डिंग यंत्र इत्यादि परीक्षा भवन में ले जाना सर्वथा वर्जित है। कोई भी अभ्यर्थी इस प्रकार के अवैध सामग्री एवं परीक्षा भवन में निषिद्ध साधनों के रखने, प्रयोग करने, गलत हरकत या गलत आचरण करने या किसी से मदद लेते या देते पाये जाने पर उन्हें परीक्षा केन्द्र से निष्कासित/अयोग्य घोषित करते हुए अन्य सुसंगत कार्रवाई की जायेगी।

(ix) प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र, परीक्षा तिथि, समय आदि में परिवर्तन का दावा मान्य नहीं होगा।

(x) प्रवेश पत्र के विहित स्थान पर वीक्षक के समक्ष अपना हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

(xi) जबतक परीक्षा की अवधि समाप्त नहीं हो जाती है, तब तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा—कक्ष छोड़कर चले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(xii) परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी का फोटोग्राफ एवं अन्य बायोमेट्रिक सूचनाएँ भी ली जाएँगी।

(xiii) परीक्षा कक्ष में सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक (Biometric) उपस्थिति दर्ज करायी जायेगी। बायोमेट्रिक (Biometric) उपस्थिति के अन्तर्गत सभी अभ्यर्थियों को बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान दर्ज करना होगा। साथ ही सभी अभ्यर्थियों का वेब फोटो (Web Photo) भी लिया जायेगा।

(xiv) अभ्यर्थियों को अपने अंगुलियों पर मेंहदी, स्याही, रंग, नेल पॉलिश आदि लगाना पूर्णतया प्रतिबंधित है, ताकि बायोमेट्रिक (Biometric) हाजिरी के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**